पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)

भारत सरकार

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, पौष 30,1945

शनिवार, जनवरी 20,2024

गणतंत्र दिवस समारोह 2024: राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 21 और 22 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में होगा; इसमें 16 टीमें चार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगी

गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में 21 और 22 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप भारतीय संगीत और धुनों को लोकप्रिय बनाने के लिए आयोजित इस दो-दिवसीय समारोह के दौरान बैंड की कुल 16 टीमें संगीत के महत्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें प्रत्येक जोन (पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर) से चार-चार टीमें शामिल हैं। यह प्रतियोगिता चार श्रेणियों (ब्वॉयज ब्रॉस बैंड, गर्ल्स ब्रॉस बैंड, ब्वॉयज पाइप बैंड और गर्ल्स पाइप बैंड) में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 16 टीमों की सूची नीचे दी गई है।

क्र. सं.	स्कूल	श्रेणी
1.	आंध्र प्रदेश सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल स्कूल, अरुगोलानु, वेस्ट गोदावरी, आंध्र प्रदेश	पाइप बैंड लड़के
2.	महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, अशोक विहार, नॉर्थ दिल्ली	
3.	गवर्नमेंट मिजो हाई स्कूल, आइजोल, मिजोरम	
4.	पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, राजस्थान	
5.	सेंट टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्नूर, केरल	
6.	सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल, पथलियाघाट, सिपाहीजला, त्रिपुरा	

7.	सिटी मोंटेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैंपस, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	ब्रॉस बैंड लड़कियाँ
8.	कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भोपाल, मध्य प्रदेश	
9.	क्वीन मैरी स्कूल, तीस हजारी, नई दिल्ली	
10.	श्री स्वामीनारायण कन्या विद्या मंदिर, भुज, गुजरात	पाइप बैंड लड़कियाँ
11.	द्रौपदी गर्ल्स हाई स्कूल, निशापोसी, मयूरभंज, ओडिशा	
12.	प्रधानमंत्री श्री केंद्रीय विद्यालय एमईजी एंड सेंटर, सेंट जॉन्स रोड सिवन चेट्टी गार्डन, बेंगलुरु, कर्नाटक	
13.	डीएवी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश	
14.	डॉन बॉस्को हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, विक्रोली मुंबई, महाराष्ट्र	ब्रॉस बैंड लड़के
15.	अमलोरपावन हायर सेकेंडरी स्कूल, वनारपेट, पांडिचेरी, पुडुचेरी	
16.	गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वेस्ट पॉइंट, गंगटोक, सिक्किम	

प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन टीमों को नकद पुरस्कार (प्रथम- 21,000 रुपये, द्वितीय- 16,000 रुपये, तृतीय - 11,000 रुपये), एक ट्रॉफी, साथ ही प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। प्रत्येक श्रेणी में शेष टीम को 3,000 रुपये का सांत्वना नकद पुरस्कार दिया जाएगा। ग्रैंड फिनाले के लिए जूरी की नियुक्ति रक्षा मंत्रालय द्वारा की जाएगी जिसमें सशस्त्र बलों के प्रत्येक विंग के सदस्य शामिल होंगे।

प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित की गई यानी राज्य, क्षेत्रीय और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा सभी स्कूलों (सीबीएसई, आईसीएसई, केवीएस, एनवीएस और सैनिक स्कूल आदि) के लिए आयोजित की गई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 12,857 बच्चों की 486 टीमों ने भाग लिया, जबकि क्षेत्रीय स्तर पर 2,002 बच्चों की 73 टीमों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य देश भर के स्कूलों में बच्चों के बीच देशभक्ति और एकता की भावना को पुनर्जीवित करना और उन्हें समग्र शिक्षा के मार्ग पर प्रेरित करना है।

****